कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 31.03.2024

विषय:- अवैध देशी शराब के साथ दो अभियुक्तगण थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 30.03.2024 को हाइवे अण्डरपास, डाफी टोल प्लाजा के पास से 02 अभियुक्त 1. हीरा लाल उर्फ हीरा शंकर पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी ग्राम मधुपुर थाना सुक्रुत जिला सोनभद्र उम्र 29 साल हालपता किराया का मकान राकेश नेता के घर में डाफी थाना लंका कमि0 वाराणसी व 2. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुग्रीव निवासी ग्राम डोडापुर थाना चकिया जिला चंदौली उम्र 24 वर्ष हालपता किराये का मकान गौरव मिश्रा के कटरे में नैपुराकला थाना लंका वाराणसी को विंडिज लाईम ब्राण्ड की अवैध देशी शराब क्रमशः 32 शीशी व 29 शीशी के साथ गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध विवरण/ आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 0107/2024 धारा- 60 आबकारी अधिनियम थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी । (अभियुक्त हीरा लाल उर्फ हीरा शंकर सिंह)
2. मु0अ0सं0 0108/2024 धारा- 60 आबकारी अधिनियम थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी । (अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार)

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम-पता-

1. हीरा लाल उर्फ हीरा शंकर पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी ग्राम मधुपुर थाना सुक्रुत जिला सोनभद्र हालपता किराया का मकान राकेश नेता के घर में डाफी थाना लंका कमि0 वाराणसी उम्र 29 वर्ष ।
2. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुग्रीव निवासी ग्राम डोडापुर थाना चकिया जिला चंदौली हालपता किराये का मकान गौरव मिश्रा के कटरे में नैपुराकला थाना लंका वाराणसी उम्र 24 वर्ष ।

गिरफ्तारी का दिनांक व समय- दिनांक- 30.03.2024 को स्थान- हाइवे अण्डरपास, डाफी टोल प्लाजा के पास, थाना क्षेत्र लंका, कमिश्नरेट वाराणसी

विवरण बरामदगी

1. अभियुक्त हीरा लाल उर्फ हीरा शंकर के कब्जे से 200 ml की विंडिज लाईम ब्राण्ड की कुल 32 शीशी देशी शराब बरामद ।
2. अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार के कब्जे से 200 ml की विंडिज लाइम ब्राण्ड की कुल 29 शीशी देशी शराब बरामद ।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ पर दोनो व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि सर हम लोग अलग -अलग लेन पर देशी शराब को बेचते हैं व लाभांश का पैसा भी अपना-अपना अपने पास रखते हैं। साहब शराब बेचकर जो मुनाफा मिलता है उसी से हमलोग अपना व अपने परिवार का गुजारा करते हैं।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 उ0नि0 अश्वनी कुमार राय, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 आलोक कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 ऋषिकेश राय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 मनोज राय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 शुभम त्रिपाठी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।